[Hindi]

अक्तूबर 2018

किंडरगार्टन से ग्रेड 3 के छात्रों के प्रिय माता-पिता/सरप्रस्त,

पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड में, हम सीखने के सबसे अच्छे वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि *सभी* छात्र व्यक्तिगत उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। ऐसा करने के लिए, हमारे लिए छात्रों और उनके परिवारों की आवश्यकताओं को वास्तव में समझना जरूरी है। इस काम में हमारी मदद करने के लिए, हम यह घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं कि अगले महीने हम अपनी पहली *विद्‌यार्थी गणना* (*Student Census*) लॉन्च करेंगे।

नवंबर में, किंडरगार्टन से ग्रेड 3 के छात्रों के माता-पिता/सरप्रस्त अपने बच्चे (बच्चों) की ओर से भरने के लिए *विद्‌यार्थी गणना* प्राप्त करेंगे। अधिकांश परिवारों को उनके बच्चे की प्रगति रिपोर्ट वाले लिफाफे में ही प्रश्नावली प्राप्त होगी। अगर मध्य नवंबर तक आपको कोई कापी प्राप्त नहीं होती है, तो कृपया अपने बच्चे के शिक्षक से जांच करें।

प्रश्नावली को पूरा करने में लगभग 30 मिनट लगेंगे। यदि आपके पास किंडरगार्टन से ग्रेड 3 तक कई बच्चे हैं, तो आपको प्रत्येक बच्चे के लिए एक अलग प्रश्नावली भरने के लिए कहा जाएगा। गणना के अनुवादित संस्करण आपके बच्चे के स्कूल से या पील बोर्ड की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे:
www.peelschools.org/studentcensus

गणना के निष्कर्ष बोर्ड और हमारे स्कूलों को सहायता करेंगे:

- छात्रों की आबादियों और स्कूल समुदायों को बेहतर ढंग से समझने में
- छात्रों की सफलता, सम्मिलन और कल्याण में बाधाओं की पहचान करने और उनको हटाने में
- प्रभावी कार्यक्रम स्थापित करने और संसाधनों को वहाँ पुनः आवंटित करने में जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है

विद्‌यार्थी गणना गोपनीय है, लेकिन यह अज्ञात नहीं है। सभी संगृहीत जवाबों को एक सुरक्षित, गोपनीय डेटाबेस में स्टोर किया जाएगा और पील छात्रों के बीच रुझानों की पहचान करने और उनको संक्षिप्त करने के लिए केवल अधिकृत अनुसंधान कर्मचारियों द्‌वारा ही उस तक पहुंचाया जाएगा। व्यक्तिगत माता/पिता प्रश्नावलियों का विश्लेषण नहीं किया जाएगा। पील बोर्ड छात्रों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने में गुप्तता और गोपनीयता के उच्चतम स्तरों के प्रति प्रतिबद्ध है और म्यूनिसपल फ्रीडम ऑफ इन्फर्मेशन ऐन्ड प्रोटेक्शन ऑफ प्रीवेसी ऐक्ट (एमएफआईपीपीए) में उल्लिखित सभी गोपनीयता आवश्यकताओं का पालन करता है। *विद्‌यार्थी गणना* के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी एजुकेशन ऐक्ट (आरएसओ.1990, सी. ई 2, संशोधित) के कानूनी प्राधिकरण के तहत केवल शैक्षिक और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए एकत्र की जाती है।

विद्‌यार्थी गणना में भागीदारी स्वैच्छिक है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पूर्ति की दर जितनी अधिक होगी, स्कूल में सुधार और कार्यक्रम योजना के लिए जानकारी उतनी ही अधिक समृद्ध और अधिक भरोसेमंद होगी।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया इस पत्र के पीछे के तथ्य पत्र की समीक्षा करें। आप www.peelschools.org/studentcensus पर भी जा सकते हैं या 905-890-1010 इक्स्टेन्शन 3523 या studentcensus@peelsb.com पर पील बोर्ड के रीसर्च ऐन्ड अकाउन्टबिलिटी विभाग के साथ सम्पर्क कर सकते हैं।

हमेशा की तरह, हम आपके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद करते हैं जैसे हम प्रत्येक छात्र में सफलता, आत्मविश्वास और आशा को प्रेरित करते हैं।

पीटर जोशुआ
डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

STUDENT CENSUS
Count Me In Peel

पील डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के *विद्यार्थी गणना* का उद्देश्य क्या है?

गणना के निष्कर्ष बोर्ड और हमारे स्कूलों को सहायता करेंगे:

- छात्रों की आबादियों और स्कूल समुदायों को बेहतर ढंग से समझने में
- छात्रों की सफलता, सम्मिलन और कल्याण में बाधाओं की पहचान करने और उनको हटाने में
- प्रभावी कार्यक्रम स्थापित करने और संसाधनों को वहाँ पुनः आवंटित करने में जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है

***विद्यार्थी गणना* में किस प्रकार के प्रश्न शामिल हैं?**

विद्यार्थी गणना में छात्र पहचान, पारिवारिक विशेषताओं, स्कूल के अनुभवों और छात्र कल्याण के बारे में लगभग 30 मल्टीपल चयनों वाले विकल्प हैं।

क्या मुझे गणना के हर प्रश्न का उत्तर देने की ज़रूरत है?

विद्यार्थी गणना स्वैच्छिक है। यदि आप उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो आप प्रश्न छोड़ने का चयन कर सकते हैं या आप बिल्कुल भी भाग ना लेने का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पूर्ति की दर जितनी अधिक होगी, स्कूल में सुधार और कार्यक्रम योजना के लिए जानकारी उतनी ही अधिक समृद्ध और अधिक भरोसेमंद होगी।

मेरे पास किंडरगार्टन से ग्रेड 3 तक एक से अधिक बच्चे हैं। क्या मुझे प्रत्येक छात्र के लिए अलग गणना **भरने की जरूरत है?**

हां, आपको प्रत्येक बच्चे के लिए अलग गणना भरना होगा। प्रत्येक प्रश्नावली में प्रत्येक छात्र की आईडी से जुड़ा एक अद्‌वितीय, विशिष्ट कोड है।

जब मैं प्रश्नावली भरता/ती हूं तो क्या मेरे बच्चे को उपस्थित होने की ज़रूरत है?

विद्यार्थी गणना का उद्देश्य सभी छात्रों की आवाज़ का अभिग्रहण करना है। आपको उनके विचारों और अनुभवों के अभिग्रहण के लिए अपने बच्चे के साथ गणना पूरी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

मेरे जवाबों को गोपनीय कैसे रखा जाएगा?

आपकी गणना प्रश्नावली में आपके बच्चे के नाम के साथ एक सम्मिलन शामिल होगा - यह आपके बच्चे के नाम या किसी अन्य पहचान योग्य जानकारी वाला एकमात्र पृष्ठ है। गणना के साथ दिए गए निर्देश आपको अपने पूर्ण गणना को एक लिफाफे में रखने और उसे सील करने से पहले इस सम्मिलन को हटाने के लिए कहेंगे। इन सील किए गए लिफाफों को जवाबों को स्कैन और संसाधित करने के लिए प्रत्येक स्कूल द्वारा पील बोर्ड द्वारा अनुबंधित एक सुरक्षित, बाहरी कंपनी को भेजा जाएगा। इस गोपनीय डेटाबेस तक केवल विश्लेषण और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए अनुसंधान विभाग द्वारा पहुँच की जाएगी। यह कदम म्यूनिसपल फ्रीडम ऑफ इन्फर्मेशन ऐन्ड प्रोटेक्शन ऑफ प्रीवेसी ऐक्ट (एमएफआईपीपीए) की पालना करते हैं।

एक गोपनीय गणना और अज्ञात गणना के बीच क्या अंतर है?

विद्यार्थी गणना गोपनीय है, लेकिन यह अज्ञात नहीं है। गणना प्रश्नावलियों को प्रत्येक छात्र के आईडी नंबर से जुड़े एक अद्‌वितीय कोड के साथ लेबल किया गया है। यह अनूठा कोड बोर्ड के रिसर्च विभाग को अन्य पूर्व एकत्रित डेटा (पूर्व पते, घर में बोली जाने वाली भाषाओं, ग्रेडों इत्यादि) का उपयोग करते हुए जवाबों का विश्लेषण करने की अनुमति देता है, जिसका परिणाम पील छात्रों की अधिक विस्तृत समझ होती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि माता-पिता/सरप्रस्तों द्‌वारा प्रदान की गई जानकारी गोपनीय बनी रही, कोई भी व्यक्तिगत पहचान - जैसे कि छात्र का नाम या आईडी नंबर - प्रश्नावली पर दिखाई नहीं देगी।

गणना डाटा का उपयोग कैसे किया जाएगा?

जवाबों को संसाधित और विश्लेषण किए जाने के बाद है, पील बोर्ड का रिसर्च विभाग कार्यक्रमों और निर्देशों के लिए बोर्ड और स्कूल के फैसले को सूचित करने में मदद के लिए रिपोर्टों की एक श्रृंखला तैयार करेगा। संक्षिप्त किया गया डेटा समुदाय भागीदारों और सरकारी एजेंसियों के साथ उनको अपने समुदायों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी सेवाओं में सुधार करने में मदद करने के लिए साझा किया जा सकता है। डेटा रिपोर्टें या विश्लेषण कभी भी एक छात्र को एकल नहीं करेंगे। कानून के अनुसार, पील बोर्ड सेन्सस पूरी करने वाले किसी भी छात्र/माता-पिता के लिए व्यक्तिगत जानकारी को प्रकट नहीं कर सकता है।